नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................

दिनांक : 03.12.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित नौसेना दिवस की पूर्व संध्या एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती को सम्बोधित करते हुए वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय नौसेना अपने पाँच हजार छः सौ वर्षो के गौरवशाली इतिहास के साथ न केवल भारतीय सामुद्रिक सीमाओं अपितु भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की भी रक्षक है। साढ़े पाँच लाख नौसैनिको से लैस यह विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी नौसेना है। पिछले कुछ वर्षो से लगातार आधुनिकीकरण के अपने प्रयास से यह विश्व की प्रमुख शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को सफल बनाने की दिशा में कार्यरत है। डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा है। स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के प्रमुख  नेताओं में से थे। उन्होने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होने भारतीय संविधान निर्माण में भी अपना योगदान दिया वे संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में श्रेष्ठतम् भूमिका निभाई। गणतंत्र होने के पश्चात भारत के प्रथम राष्ट्रपति  के रूप में उन्होनें ऐसे दृष्टान्त छोड़े जो बाद में उनके परिवर्तियों के लिए अनुकरणीय रहा।

कार्यक्रम में डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 विजय चौधरी, डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल, श्री मंजेश्वर, सुश्री प्रियंका मिश्रा, डॉ. शिव कुमार, डॉ0 अजय प्रताप निषाद, डॉ0 कृष्ण कुमार, डॉ0 यशवन्त राव, श्री नन्दन शर्मा, डॉ0 प्रदीप वर्मा, डॉ0 रमाकान्त दूबे। सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी